



# रस्साकसी से दिया नशामुक्ति का संदेश, अटेर के मसूरी में पुलिस और समाज ने मिलकर जगाई अलख

नवभारत न्यूज

**भिण्ड 26 जुलाई.** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत रविवार को अटेर अनुभाग के ग्राम मसूरी स्थित महाकाली मांगलिक गार्डन में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चल रहे इस विशेष अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में पुलिस, समाजसेवी संस्थाओं, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा ग्रामीणों ने मिलकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. शैलेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा भिंड, खेल एवं युवा कल्याण







विभाग तथा जिला पुलिस बल भिंड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी रविंद्र वास्कले ने उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों और उससे होने वाली गंभीर बीमारियों से लेकर मृत्यु तक की आशंकाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### छह लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा अभियान का संदेश

कार्यक्रम के समापन अवसर पर एसडीओपी अटेर रविन्द्र वास्कले ने कहा कि पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश एवं पुलिस अधीक्षक भिंड सूरज वर्मा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के माध्यम से जिले में अब तक विभिन्न माध्यमों से 6 लाख से अधिक लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा चुका है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने में समाज, मीडिया और नागरिकों के सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उपस्थित सभी नागरिकों, युवाओं एवं खिलाड़ियों को नशा न करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### पुलिसकर्मियों और प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान

अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी पावई निरंजन, प्रधान आरक्षक मृगेंद्र सिंह जादौन, गौरव मिश्रा, हरवेंद्र सिंह राजावत, सोनेन्द्र सिंह राजावत, विपिन सिंह भदौरिया, रामकुमार पाण्डेय, आरक्षक पवन यादव सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षकों, कोचों एवं खिलाड़ियों का आयोजक मंडल द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

### रस्साकसी प्रतियोगिता से हुई शुरुआत, मसूरी टीम रही विजेता

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम मसूरी एवं ग्राम देहरा की टीमों के बीच रोमांचक रस्साकसी प्रतियोगिता से हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीओपी रविन्द्र वास्कले एवं डीएसपी प्रशांत सिंह भदौरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले में ग्राम मसूरी की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान

भारत विकास परिषद के प्रतिनिधि धीरज शुक्ला ने नशे को समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए मध्यप्रदेश पुलिस के इस अभियान की सराहना की। डीएसपी प्रशांत सिंह भदौरिया ने कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी, विद्यार्थियों, गरीब-अमीर, ग्रामीण और शहरी समाज सभी के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने का आह्वान किया। समाजसेवी वीरे सिंह भदौरिया (दद्दा भदावर, वांस बल्ली वाले) ने गायत्री परिवार की ओर से कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र—चारों स्तरों पर विनाश का कारण बनता है। वहीं संतोष सिंह भदौरिया (मसूरी) ने नशे के कारण पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट, मानसिक तनाव और असमय मृत्यु तक की स्थिति का उल्लेख करते हुए समाज से इस बुराई के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

# बायपास और हाईवे किनारे वाहन पार्किंग पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज

**भिंड 26 जुलाई.** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बायपास एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर अनधिकृत वाहन पार्किंग पर सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशों के पालन में

### एसडीएम और ट्रैफिक टीआई ने चलाया जागरूकता अभियान चालकों को दी नियम पालन की समझाइश

एसडीएम अखिलेश शर्मा और ट्रैफिक टीआई राघवेन्द्र भार्गव ने संयुक्त रूप से बायपास और हाईवे का निरीक्षण कर वाहन चालकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन खड़े नहीं करने की समझाइश दी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों से बातचीत कर



बताया कि हाईवे एवं बायपास पर अनियंत्रित पार्किंग सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन सकती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन पार्क करना पूर्णतः निषिद्ध है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

**वाहन चालकों से सहयोग की अपील**

प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करते हुए प्रतिबंधित स्थानों पर वाहन खड़े न करें। सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### नियमों के पालन पर रहेगी लगातार निगरानी

एसडीएम अखिलेश शर्मा एवं ट्रैफिक टीआई राघवेन्द्र भार्गव ने बताया कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर बायपास एवं हाईवे मार्गों का निरीक्षण किया जाएगा। नियमों के पालन को लेकर निरंतर निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर वाहन चालकों को मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। वहीं नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

## उमस के बाद भिंड में रिमझिम बारिश से मिली राहत, धान किसानों के खिले चेहरे

भिंड 26 जुलाई. कई दिनों तक उमस भरी गर्मी से जूझ रहे भिंड जिले के लोगों को आखिरकार झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी है। रविवार को जिले के कई क्षेत्रों में हुई तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया और तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद जहां आमजन ने राहत की सांस ली, वहीं धान सहित खरीफ फसलों की खेती कर रहे किसानों के चेहरे भी खिल उठे। पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस के कारण लोग बेहाल थे। रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई, जिससे वातावरण पूरी तरह ठंडा और खुशनुमा हो गया। शहर के पार्कों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर लोगों ने बारिश का आनंद लिया। समय पर हुई इस बारिश ने धान की खेती करने वाले किसानों को बड़ी राहत दी है। खेतों में पर्याप्त नमी आने से रोपाई और फसल की बढ़वार को गति मिलेगी। किसानों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में भी इसी तरह बारिश होती रही तो खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है।



# हर परिवार लगाए एक पौधा, तभी बनेगा हराभरा और सुरक्षित भविष्य : सीईओ वीरसिंह चौहान

नवभारत न्यूज

**भिण्ड 26 जुलाई.** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में भिंड जिले की ग्राम पंचायत ऊमरी में रविवार को प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत शांति धाम परिसर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरसिंह चौहान के नेतृत्व में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।शांति धाम परिसर में लगाए गए प्रत्येक पौधे की फोटो एवं स्थान की जानकारी वायुदूत ऐप पर अपलोड की गई, ताकि पौधों की निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इस व्यवस्था से पौधारोपण अभियान की प्रगति का डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार होगा और अन्य पंचायतों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ऊमरी के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन, शांति धाम परिसर में हुआ वृहद पौधरोपण

### हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

पौधरोपण के दौरान सीईओ वीरसिंह चौहान ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रकृति के प्रति सम्मान और मातृऋण चुकाने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल ऊमरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर प्रत्येक गांव को हराभरा बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए।

# 'भिंड का व्यापार भिंड में ही रहे', एमआर संघ ने केमिस्ट एसोसिएशन से किया सहयोग का आग्रह

नवभारत न्यूज

**भिण्ड 26 जुलाई.** जिले में दवा व्यापार को सशक्त एवं स्थानीय स्तर पर सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स (एमआर) संघ, भिंड ने जिला केमिस्ट एसोसिएशन से सहयोग की अपील की है। संघ ने बाहरी शहरों से आने वाले व्यापारियों द्वारा दिए जा रहे अनैतिक प्रलोभनों पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थानीय स्टॉकिस्टों और होलसेलरों के हितों की रक्षा के लिए संयुक्त प्रयास करने का आग्रह किया।



### स्थानीय व्यापार हो रहा प्रभावित

एमआर संघ के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह राठौड़ ने जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव संजीव जैन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से ग्वालियर, इंदौर सहित अन्य शहरों से आने वाले व्यापारी अतिरिक्त ऑफर और प्रलोभन देकर स्थानीय बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसका सीधा असर भिंड के स्टॉकिस्टों, होलसेलरों और मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स के व्यवसाय पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापारियों का संरक्षण केवल व्यापारिक हित का विषय नहीं, बल्कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती से भी जुड़ा हुआ है।

### संकट के समय स्थानीय स्टॉकिस्ट ही बनते हैं सहारा

मनोज सिंह राठौड़ ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों, रात के समय दवाओं की तत्काल आवश्यकता, उधारी व्यवस्था तथा आकस्मिक मांग की पूर्ति स्थानीय स्टॉकिस्ट और होलसेलर ही करते हैं। बाहर से आने वाले व्यापारी केवल अतिरिक्त व्यापार करते हैं और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध नहीं करा पाते। उन्होंने केमिस्टों से अपील करते हुए कहा कि थोड़े से अतिरिक्त लाभ के लालच में अपने ही जिले के व्यापारियों और एमआर समुदाय का नुकसान न करें, बल्कि 'भिंड का व्यापार भिंड में ही रहे' की भावना के साथ स्थानीय स्टॉकिस्टों से खरीद को प्राथमिकता दें।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने दिया सहयोग का भरोसा

जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव संजीव जैन ने एमआर संघ को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी केमिस्ट एसोसिएशन, स्थानीय स्टॉकिस्ट और एमआर संघ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जिले की दवा आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और स्थानीय व्यापार को संरक्षण देने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

### एमआर संघ के पदाधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर एमआर संघ के सचिव अनुज राजावत, उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दिलीप श्रीवास, सह सचिव सौरभ भदौरिया, सह सचिव इंद्रजीत चतुर्वेदी, एमआर रविरमन वर्मा, मीडिया प्रभारी अजीत पोद्दार, सह मीडिया प्रभारी मनीष दुबे सहित बड़ी संख्या में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस का विजय मार्च, छात्रों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**भिण्ड 26 जुलाई.** भिंड जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के निर्देश पर रविवार को भिंड शहर में नीट पेपर लीक प्रकरण और छात्रों के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विजय मार्च निकाला।

### परेड चौराहे से गांधी प्रतिमा तक निकाला मार्च, जंतर-मंतर घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग

यह मार्च परेड चौराहे से प्रारंभ होकर गोल मार्केट स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर हुई पुलिस कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए नीट पेपर लीक प्रकरण से प्रभावित छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह विजय मार्च छात्रों और युवाओं के संघर्ष तथा उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने का प्रतीक है। नेताओं ने नीट परीक्षा में कथित





अनियमितताओं और छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

### युवाओं की आवाज ने सत्ता को झुकने पर मजबूर किया

मुख्य वक्ता एवं कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने कहा कि विजय मार्च केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देशभर के छात्रों और युवाओं के संघर्ष की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाते हैं और विपक्ष उनके साथ खड़ा होता है, तब सरकार को भी निर्णय लेने के लिए विवश होना पड़ता है।

### छात्रों के संघर्ष को बताया लोकतंत्र की ताकत

जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री मुकेश गर्ग ने कहा कि यह विजय उन छात्रों और परिवारों की है जिन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का विश्वास बनाए रखने के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था आवश्यक है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामरतन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रों, युवाओं और किसानों के हितों की आवाज उठाती रही है और भविष्य में भी उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम में एडवोकेट चेतन शर्मा, राघवेंद्र कांकर, गोपाल बाबेडी, इरफान खान, संजीव बरुआ, सोनू बौद्ध, अजय जैन, प्रमोद दीक्षित, सोहन तिवारी, प्रमोद श्रीवास, रविन्द्र तोमर, कुलदीप भारद्वाज, जितेंद्र जैन बॉबी, किशन तिवारी, सुनील वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के प्रतिभागियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**भिण्ड 26 जुलाई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के प्रतिभागियों से संवाद किया। देश के विभिन्न राज्यों एवं सीमावर्ती जिलों से जुड़े युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए सीमावर्ती गांवों में किए गए विकासात्मक कार्यों और नवाचारों की जानकारी प्रधानमंत्री के समक्ष रखी। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत के माध्यम से किया गया, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

**एनआईसी कक्ष में देखा गया प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण**- भिंड जिले में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में देखा और सुना गया। इस अवसर पर जिला





पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान, जिला युवा अधिकारी (माय भारत) आशुतोष साहू, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अजीम खान, विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में जिला भिंड का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा भूपेन्द्र चौहान सहित माय भारत के स्वयंसेवक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भिंड के युवा ने लद्दाख में विकास का संदेश पहुंचाया

कार्यक्रम के दौरान भिंड जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे भूपेन्द्र चौहान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ 9 जून से 15 जून तक लद्दाख के सीमावर्ती गांवों में रहकर ग्रामीणों के बीच जागरूकता एवं विकास संबंधी गतिविधियों का संचालन किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों के साथ सतत संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं युवाओं ने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।



# छात्रों ने संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय गोहद का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 26 जुलाई.** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालनपुर के छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय केप्राचार्य फोडदल सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती दीपा भदौरिया के नेतृत्व में कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं ने संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोहद का भ्रमण किया।

### लैब और सुविधाएं देखकर हुए प्रेरित

भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्ट विद्यालय की आधुनिक व्यवस्थाओं, शैक्षणिक माहौल और सुविधाओं से अवगत कराना था। इस दौरान छात्रों ने विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, संगीत कक्ष, मीटिंग हॉल और भवन निर्माण का अवलोकन किया।श्रीमती दीपा भदौरिया ने छात्रों को बताया कि अनुशासन, मेहनत और गुरु के मार्गदर्शन से ही शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।

छात्रों ने उत्कृष्ट विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस तरह के भ्रमण से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय स्टाफ ने इस शैक्षणिक भ्रमण को छात्रों के लिए लाभकारी बताया।

# दिनदहाड़े तीस, सेकंड में कार की डिग्गी से उड़ाए ढाई लाख, सीसीटीवी में कैद हुए दो बदमाश

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 26 जुलाई.** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गुरुवार दोपहर कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं पार्षद पुत्र और भाजपा युवा नेता रॉकी जैन की कार से ढाई लाख रुपए चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद बीना जैन के पुत्र रॉकी जैन गुरुवार को दोपहर करीब 3:30 बजे हनुमान चौराहा स्थित अपनी दुकान ओम साईराम ट्रेडर्स यानी बाबा मोबाइल शॉप पर थे। दुकान में रखे ढाई लाख रुपए थैली में रखकर पास ही खड़ी अपनी कार की डिग्गी में रख दिए। रुपए रखने के बाद डिग्गी बंद करना भूल गए और एक ग्राहक से बात करने में व्यस्त हो गए।इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश दुकान पर पहुंचे। दोनों ने चेहरा गमछे से ढक रखा था। मौका पाकर आरोपियों ने महज 30 सेकंड में कार की खुली डिग्गी से नकदी निकाली और फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मालनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दोनों संदिग्ध बदमाश वारदात को अंजाम देकर जाते नजर आ रहे



हैं।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्र में भी नाकाबंदी कराई गई है।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नकदी या कीमती सामान वाहन में छोड़ते समय वाहन को लॉक करना न भूलें। संदिग्ध दिखने वाले लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।





# वृहद पौधारोपण कार्यक्रम हुआ आयोजित

नवभारत न्यूज

**मेहगांव 26 जुलाई.** अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत आज नगर परिषद मेहगांव, जिला भिण्ड द्वारा नगर क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया नगरपरिषद सीएमओ महेश पुरोहित ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हरित विकास एवं स्वच्छ वातावरण के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों पर 100 पौधों का रोपण किया गया इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनके संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा मेहगांव को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित नगर बनाने का संकल्प लिया नगर परिषद सीएमओ महेश पुरोहित द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई कि वे पौधारोपण को जनआंदोलन बनाते हुए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध हो सके 'एक पेड़ माँ के नाम' एवं 'हरित मेहगांव – स्वच्छ मेहगांव' के संदेश के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ।